सीएसए ने 50 किसानों को बांटे 100 कुंतल उन्नत आलू बीज

संवाददाता/ डीटीएनएन

कानपुर। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय (सीएसए) की ओर से एससीएसपी योजना के तहत कानपुर देहात के दिलीप नगर क्षेत्र के आसपास के 50 किसानों को 100 कुंतल उन्नत किस्म का आलू बीज वितरित किया गया। शाकभाजी अनुभाग में संचालित अखिल भारतीय समन्वित आलू अनुसंधान परियोजना के तहत किसानों को प्रदर्शन के लिए यह बीज कुलपति डॉ. संजीव गुप्ता के मार्गदर्शन में दिया गया। इस अवसर पर कुलपति डॉ. संजीव गुप्ता ने उन्नत बीजों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए किसानों से कहा कि वितरित आलू बीज से प्राप्त उपज को अगले वर्ष खाने के बजाय बीज के रूप में इस्तेमाल करें और अन्य किसानों को भी उपलब्ध कराएं, ताकि अधिक से अधिक किसान इसका लाभ उठा सकें। शाकभाजी अनुभाग के प्रभारी डॉ. केशव आर्य ने बताया कि योजना के तहत इससे पहले औरैया जिले के किसानों को भी 100 कुंतल आलू बीज वितरित किया जा चुका है। इस दौरान डॉ. राजीव, सस्य वैज्ञानिक, डॉ. राजीव पाल, कीट वैज्ञानिक और कृषि विज्ञान केंद्र दिलीप नगर के प्रभारी डॉ. अजय सिंह ने भी किसानों को जानकारी दी।

एससीएसपी योजना के तहत दिलीप नगर क्षेत्र में हुआ वितरण, अगले वर्ष बीज के रूप में इस्तेमाल करने और अन्य किसानों तक पहुंचाने की दी सलाह







Now access Dinar Times ePaper For FREE! Whatsapp 92195 22349 Send Messege Type EDT